नोटिस बैनर टीएमबीयू : स्नातक सेमेस्टर वन में नामांकन के लिए दूसरी सूची 20 को होगी जारी

prabhatkhabar.com

"अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।"

पेट सफा... तो हर रोग दफा

मोर्निंग होगी मस्त
क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त

Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar

24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores

NO BRAND

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

सरकार से राहत. पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को होगी केंद्रों तक आवागमन में सहूलियत

पटना से नवगछिया के लिए विशेष ट्रेन

- पाटलिपुत्र से नवगछिया, अररिया और विश्वनगंज के लिए विशेष रेल सेवा, हजारों को मिलेगा लाभ

प्रतिनिधि, नवगछिया

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे 16 एवं 17 जून को कई परीक्षा स्पेशल ट्रेन चला रहा है. 17 जून को पहली परीक्षा स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र से शाम 8:00 बजे किशनगंज के लिए रवाना होगी, जो बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया एवं कटिहार शेकर चलेगी. दूसरी रात 10:00 बजे पाटलिपुत्र से अररिया के लिए चलेगी. यह बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया और कटिहार मार्ग से संचालित की जाएगी. तीसरी रात 11:00 बजे पाटलिपुत्र से नवगछिया के लिए रवाना होगी. यह बेगूसराय एवं खगड़िया होते हुए नवगछिया पहुंचेगी.

25 केंद्रों पर मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा आज

भागलपुर. जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर केंद्रीय सिपाही चयन पर्षद के बैनर तले बुधवार को मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा दो पाली में आयोजित की जायेगी. इसे लेकर परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है. दोनों पाली मिलाकर करीब 22992 परीक्षार्थी शामिल होंगे.

पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे होगी. परीक्षार्थियों को सुबह आठ बजे से नौ बजे तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया जायेगा. जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी. परीक्षार्थियों को दोपहर एक से दो बजे तक केंद्रों पर प्रवेश दिया जायेगा. केंद्रों पर त्रिस्तरीय जांच व्यवस्था की गयी है. जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति मिलेगी. सभी केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरा व वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है.

21 को नीट परीक्षार्थियों के लिए पथ परिवहन निगम देगा फ्री बस सेवा

भागलपुर के विभिन्न केंद्रों पर 5892 परीक्षार्थी लेंगे भाग

ट्रेन में बरतें सावधानी

रेलवे ने भी कर रखी है पूरी तैयारी : इधर, परीक्षा को लेकर भागलपुर रेलवे ने भी पूरी तैयारी कर रखी है. कई जिलों के परीक्षार्थी इस परीक्षा में भाग लेने ट्रेन से सफर कर भागलपुर आयेंगे. वहीं भागलपुर आरपीएफ पोस्ट ने भी परीक्षा में मौके निरंतर को लेकर योजना बनायी है. इसके लिए तैयारी कर रही है.

छात्राओं के लिए पिंक बस का होगा परिचालन

वरीय संवाददाता, भागलपुर

21 जून को नीट परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पथ परिवहन निगम की सभी सरकारी बसों में फ्री सेवा की घोषणा की है. भागलपुर से भी खुलने वाली पिंक और सरकारी अन्य बसों में परीक्षार्थी बिना पैसे दिये यात्रा कर सकेंगे. यह सेवा मुंगेर जमुई पथ परिवहन निगम की बसों में भी दी जा रही है. भागलपुर के विभिन्न केंद्रों पर कुल 5,892 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे.

बसें शहर के सभी सेंटर वाले रूट में चलेंगी. : परीक्षार्थियों को बसों में मुफ्त सेवा के लिए नीट परीक्षा के एडमिट कार्ड की फोटोकॉपी साथ में रखनी होगी. परीक्षार्थी इसे दिखाकर ही मुफ्त यात्रा कर सकेंगे. भागलपुर पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि 21 जून को नीट परीक्षा के लिए सरकार की ओर से पथ परिवहन निगम की सभी बसों में यह सुविधा दी गयी है. ताकि परीक्षार्थियों को जाने-आने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो. वे जल्द से जल्द अपने सेंटर पर और फिर घर पहुंच सकें. ये बस शहर के सभी सेंटर वाले रूट में चलेंगी. पिंक बस का भी परिचालन होगा. इस बस में सिर्फ परीक्षा में भाग लेने वाली छात्राएं सफर करेंगी.

स्नातक सेमेस्टर वन में नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची अब 20 को

भागलपुर. टीएमबीयू प्रशासन ने स्नातक सत्र 2026-30 सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजा है. नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची 20 जून को प्रकाशित की जायेगी. बता दें कि इससे पहले यह 18 जून को जारी होनी थी. साथ ही पत्र में कहा कि समर्थ पोर्टल से 15 जून को ई-मेल के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर दूसरी मेधा सूची प्रकाशित करने की तैयारी की जा रही है. इसके मद्देनजर सभी महाविद्यालयों को नामांकन से संबंधित आवश्यक तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है. विवि प्रशासन ने कहा कि दूसरी मेधा सूची जारी होने के बाद यथानित विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित तिथि के अनुसार संपन्न कराएं. डीएसडब्ल्यू प्रो अर्चना साह ने प्राचार्यों से कहा कि समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें. ताकि नामांकन प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके.

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय : तृतीय तल, प्रगतिशील डायग्नोस्टिक सेंटर, लाइन बाजार, पूर्णिया -854301

शुद्धि-पत्र

यह सूचना बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 'प्रभात खबर' दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 16.06.2026 को प्रकाशित ई-नीलामी बिक्री सूचना के संबंध में है, जिसमें इस सूचना के **क्रम संख्या 4 (मेसर्स शिवम डिस्ट्रिब्यूटर्स)** पर उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति / संपत्तियों का विवरण दिया गया था।अगर जनता को सूचित किया जाता है कि टाइपिंग की गलती के कारण, आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि' (ईएमडी) का विवरण भूलवश से इस प्रकार प्रकाशित हो गया था:- **"आरक्षित मूल्य' रू. 68,01,230/- एवं 'बयाना राशि' (ईएमडी) : रू. 6,80,123/-"इसे इस प्रकार पढ़ा एवं समझा जाना चाहिए:-"आरक्षित मूल्य 'रू. 26,10,000/- एवं 'बयाना राशि' (ईएमडी) : रू. 2,61,000/-"**दिनांक: 16.06.2026 को उक्त ई-नीलामी बिक्री सूचना की अन्य सभी शर्तें एवं नियम अपरिवर्तित एवं लागू रहेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

कैंपस बाइट्स

टीम ए और टीम एफ के बीच खिताबी जंग आज

भागलपुर. सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में आयोजित बीसीए महिला अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी लीग मुकाबले में मंगलवार को दो मैच खेले गये. पहले मैच में टीम एच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम जी को 29 रनों से पराजित कर दिया. दूसरे मैच में टीम एफ ने टीम ई को नौ विकेट से पराजित किया. बुधवार को फाइनल मुकाबला खेला जायेगा. खिताबी जंग के लिए टीम ए और टीम एफ के बीच मुकाबला होगा. टीम ए पटना में आयोजित लीग चरण की पूल चैंपियन रही है. जबकि टीम एफ भागलपुर में आयोजित लीग चरण की पूल चैंपियन बनकर फाइनल में पहुंची है.

मान्यता विहीन निजी विद्यालयों की बैठक 17 को

भागलपुर. भागलपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय ने जिले के निजी विद्यालय संचालकों और प्रबंधकों को 17 जून 2026 की बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया है. पत्र में कहा गया है कि बिहार राज्य बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत बिना सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त किए किसी विद्यालय का संचालन नहीं किया जा सकता. विभाग को जानकारी मिली है कि कुछ विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं. इस संबंध में 17 जून को दोपहर 1 बजे शिक्षा भवन, तृतीय तल स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें संबंधित विद्यालयों को अपना पक्ष रखने के साथ समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है.

एप्रेंटिसशिप वाली डिग्री में नामांकन का आवेदन 19 तक

भागलपुर. बीएन कॉलेज में स्नातक सत्र 2026-30 के लिए एप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम में नामांकन की प्रक्रिया जारी है. इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं उन पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकते हैं. कॉलेज में बीकॉम रिटेल ऑपरेशंस व बीकॉम ई-कामर्स ऑपरेशंस पाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी. दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें निर्धारित हैं. चार वर्षीय कोर्स में छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण के साथ रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जायेगी. उधर, प्राचार्य डॉ अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि पाठ्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर पांच व सेमेस्टर छह तक ट्रेनिंग के दौरान प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये तक का स्टाइपेंड भी मिलेगे. टीएमबीयू समर्थ पोर्टल से नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन 19 जून तक लिया जायेगा.

प्रोफाइल अपडेट कराने शिक्षकों की लगी भीड़

भागलपुर. जिला शिक्षा कार्यालय में मंगलवार को अपना प्रोफाइल अपडेट कराने के लिए शिक्षकों की भीड़ लगी रही. टीआईए, द्र व ब्री के शिक्षकों की प्रोफाइल अबतक ई-शिक्षाकोष पर अपडेट नहीं की गयी है. पोर्टल पर अबतक कई कॉलम खाली हैं. शिक्षकों ने जिला शिक्षा कार्यालय से उपलब्ध कराये गये फॉर्म को भरकर जमा कराया. साथ ही आधार कार्ड, अकाउंट नंबर, पीक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति संलग्न कर प्रोफाइल अपडेट कराया.

इंटर्नशिप से रोजगार क्षमता में वृद्धि

भागलपुर. मारवाड़ी कॉलेज के कॉमर्स व अर्थशास्त्र विभाग के पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार से टैली अकादमी में इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो संजय कुमार झा व टैली अकादमी के निदेशक श्रवण कुमार शाह ने कार्यक्रम की शुरुआत की. मौके पर प्राचार्य प्रो संजय कुमार झा ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कार्यक्रम वास्तविक कार्यस्थल की परिस्थितियों से परिचित करायेगा. व्यक्तित्व विकास के साथ रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी. इंटर्नशिप के नोडल पदाधिकारी एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है. पहली बार व्यापक इंटर्नशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है. टैली अकादमी के निदेशक श्रवण कुमार शाह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को जीएसटी फाइलिंग, आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, अकाउंटिंग एवं बुक-कीपिंग, टैली सॉफ्टवेयर संचालन, बिजनेस मैनेजमेंट, एमएस एक्सेल, एमएस वर्ड, डिजिटल ऑफिस प्रबंधन व वित्तीय अभिलेखों के रख-रखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा.

20 जून को आयोजित होगी डीआइटी यूनिवर्सिटी की कैरियर काउंसेलिंग

पटना. कैरियर केंद्रित और उद्योगोन्मुख शिक्षा में अग्रणी डीआइटी यूनिवर्सिटी ने प्लेसमेंट और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है. इसी कड़ी में विश्वविद्यालय 20 जून 2026 को पटना के बोरिंग रोड स्थित कार्यालय में विशेष प्रवेश व करियर काउंसेलिंग सत्र आयोजित कर रहा है. इस वर्ष प्लेसमेंट सीजन के दौरान 465 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने परिसर का दौरा किया और विद्यार्थियों को 1565 से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किये. प्रमुख भर्ती करने वाली कंपनियों में केपीएमजी, कैपजेमिनी, डेलोइट, एक्सेंचर, कग्निजेंट, ओरिकल, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक, आइबीएम, आइसीआइसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, डेल समेत अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों के फैसल विजिट किया. विद्यार्थियों को 1565 से ज्यादा जॉब ऑफर मिले. इस बार सर्वोच्च पैकेज 58 लाख प्रतिवर्ष और औसत पैकेज 7.50 लाख प्रतिवर्ष रहा. यूनिवर्सिटी शत प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता देती है. प्लेसमेंट के साथ-साथ विद्यार्थियों ने गेट और जीपैट में भी टॉप किया. 64 विद्यार्थियों ने गेट और 9

छात्रों ने जीपैट क्वालिफाइ किया. एक छात्र को यूरोप में 24 महीने के पीजी प्रोग्राम के लिए प्रतिष्ठित एरासमस मुंडस स्कॉलर्शिप मिली और उसे यूरोप के छह टॉप विश्वविद्यालयों से एडमिशन ऑफर आये. 20 जून को पटना में काउंसेलिंग सत्र छात्रों और अभिभावकों के लिए है. इसमें डीआइटी के फैकल्टी और करियर एक्सपर्ट एआइ एंड एमएल, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स, फुल स्टैक डेवलपमेंट, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, एमबीए, बीफार्म, एमफार्म, बीएससी, एमएससी, पीएचडी समेत सभी कोर्स, कैरियर स्कोप और कैंपस लाइफ की जानकारी देंगे. संस्थान में बीटेक, एमबीए, फार्मेसी, डिजाइन और आर्किटेक्चर में एडमिशन जारी है. अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए डीआइटी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर या हेल्पलाइन 91-7217039840 पर कॉल कर सकते हैं.

बीएन कॉलेज के छात्र को आइआइटी रुड़की में प्रवेश

भागलपुर. बीएन कॉलेज के पूर्व छात्र रोबित कुमार को आइआइटी रुड़की में प्रवेश मिला है. कॉलेज में सत्र 2019-22 गणित ऑनर्स के पूर्व छात्र को अपने संघर्ष और समर्पण से प्रतिष्ठित आइआइटी रुड़की के एमटेक प्रोग्राम में दाखिला मिला है. प्रथम वर्ष की पढ़ाई के दौरान ही जेईई मेन क्रैक कर एनआइटी अगरतला में पढ़ाई की. छात्र रोबित कुमार मूलरूप से मधेपुरा का रहने वाला है. गेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में अच्छे रैंक के साथ आइआइटी रुड़की में प्रवेश पाया. छात्र ने सफलता के लिए बीएन कॉलेज भागलपुर के शिक्षक डॉ अंबिका कुमार का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है. वहीं, कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिरुद्ध कुमार ने छात्र के त्याग और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना
5, हार्डिंग रोड, पटना- 800001
(वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in)

विज्ञापन संख्या-03/2026 से संबंधित प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एवं ई-प्रवेश-पत्र संबंधी सूचना

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में "अवर निरीक्षक मद्य निषेध" के पद पर नियुक्ति हेतु जारी किये गये विज्ञापन संख्या-03/2026 के क्रम में अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 12.07.2026 (रविवार) को एक पाली में आयोजित की जायेगी।

(1) लिखित परीक्षा का ई-प्रवेश-पत्र (E-Admit Card) आयोग की वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in के 'Prohibition Dept.' टैब पर दिनांक-22.06.2026 से उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपना ई-प्रवेश-पत्र स्वयं डाउनलोड कर लें। यदि किसी परिस्थितिवश अभ्यर्थी ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें तो वे दिनांक 06.07.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक आयोग के 5, हार्डिंग रोड, पटना-800001 स्थित कार्यालय से अपने खर्च पर डुप्लिकेट ई-प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

(3) अनुक्रमांकवार परीक्षा केन्द्र की सूची आयोग की वेबसाईट के 'Prohibition Dept.' टैब पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी सुनिश्चित हो लें कि डाउनलोड किया गया ई-प्रवेश-पत्र उसके अनुरूप है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि अपने प्रवेश-पत्र को परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के चरणों में आयोग/नियुक्ति प्राधिकार द्वारा इसकी मांग की जा सकती है।

(4) उपर्युक्त के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ह०/-
अध्यक्ष,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
पटना।

पत्र संख्या: वि०पु०आ० से०अ०परीक्षा-01-01/2026-773
दिनांक: 16.06.2026

HDFC BANK
We understand your world

नीलामी विक्रय सूचना

मुख्य रूप से, उधारकर्ताओं और आम जनता को यह बताया जाता है कि नीचे दिए गए अकाउंट में गिरवी रखे गए सोने के गहनों/सिक्कों की ऑनलाईन नीलामी करने का प्रस्ताव है. यह नीलामी उन कर्जों लेने वालों के सोने के गहनों/सिक्कों पर है, जिन्होंने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") द्वारा लोन का भुगतान पूरा करने के नोटिस के बावजूद, अपर्याप्त भुगतान नोटिस के तहत, अपने दायित्वों का निर्वहन किया था और जिनके उपरोक्त नोटिस किया था. बैंक ने कर्जदारों को पहले नोटिस भी जारी किया था, जिसमें नोटिस पाए जाने पर गिरवी रखी गई संपत्ति की नीलामी की जाएगी। इसलिए,